हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 नवीन पीएमटी बालक छात्रावास में शहीद ...



11 कृषि महाविद्यालय के छात्रों को कराया...








### आयोजन : 215.41 करोड़ रुपए के 43 कार्यों का भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री देंगे 2 अरब 54 करोड़ 15 लाख के 68 विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार 11 दिसम्बर को कांकेर जिले के पखांजूर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले को कुल 2 अरब 54 करोड़ 15 लाख रुपए के 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात देंगे। इनमें 215.41 करोड़ रुपए के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 38.74 करोड़ रूपएं के 25 कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित हैं।

■ 38.74 करोड़ रुपए के 25 कार्यों का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री साय जिले के पखांजूर प्रवास के दौरान कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नरहरपुर विकासखण्ड के दलदली से कमारपारा सड़क निर्माण कार्य के लिए 96.70 लाख रूपएं, भीमापारा से बासनवाही (बाजारपारा) सड़क निर्माण कार्य के लिए 70.85 लाख रूपएं, मावलीपारा (आवासपारा) से कमारपारा सड़क निर्माण कार्य के लिए 91.23 लाख रूपएं और गंवरसिली से खासपारा सड़क निर्माण कार्य के लिए 33.11 लाख रूपएं के शामिल है। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत एनएच-43 से मलांजकुडुम क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत लंबाई 9.20 किमी. एवं माकड़ी खुना से नारा तथा अलबेलापारा से बागोडार सड़क मरम्मत कार्य लंबाई 14.14 किमी के लिए 92.18 लाख रूपएं, महतारी सदन निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए पीढ़ापाल के ▸▸ शेष पेज 10 पर

### सड़क, सामुदायिक शौचालय, महतारी सदन निर्माण सहित अन्य कार्य होंगे



जिले में 38.74 करोड़ रूपए की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इनमें विधानसभा क्षेत्र कांकेर अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के अभनपुर-मालगांव मार्ग के 1/6 किमी महानदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 933 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सरोना के महारपारा और धनकरपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6-6 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बिहावापारा में आत्मा घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य के लिए 12 लाख रूपए, ग्राम मालगांव में शीतला मंदिर से मुक्ति धाम तक 400 मीटर सीसी निर्माण कार्य के लिए 17 लाख रूपए, चोरिया में पीडीएस गोदाम से स्कूल तक 200 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम सुरूंगदोह में क्रेडा विभाग अंतर्गत सौर सामुदायिक सिंचाई योजना अंतर्गत 10 एच.पी. के 3 नग सोलर पंपों की स्थापना कार्य के लिए 144.21 लाख रूपए, ग्राम रानवाही के इंदिरा गांव गंगा योजना अंतर्गत 10 एच.पी. के 03 नग सोलर पंपों की स्थापना कार्य के लिए 105.31 लाख रूपए, ग्राम चवेला में 10 एच.पी. के 02 नग सोलर पंपों की स्थापना कार्य के लिए 59.42 लाख रूपए, भानबेड़ा-जलीनकसा-चिचगांव रोड पर किमी 1/2 में चिचगांव नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 180 लाख रूपए, भानुप्रतापपुर के तीन अलग-अलग स्थानों में सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजना के लिए कुल 291.65 लाख रूपए, केंवटी पखांजूर मार्ग के किमी 26 से खुटगांव तक मार्ग का निर्माण लंबाई 3.35 किमी के लिए 172 लाख रूपए, एल-57 किमी 2 से उईकाटोला तक लंबाई 3 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 233.48 लाख रूपए, दुर्गूकोंदल-कोदापाखा मार्ग के किमी 7 से मिच्चेसुखई मार्ग का निर्माण लंबाई 5 किमी के लिए 287.83 लाख रूपए तथा एल-036 किमी 3 से पौरखेड़ा तक लंबाई 4.20 किमी निर्माण कार्य के लिए 198.69 लाख रूपए का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ अंतर्गत बड़ेकापसी एनीकट निर्माण कार्य के लिए 291.13 लाख रूपए, निस्तारी तालाब ग्राम पी.व्ही. 30 (योगेन्द्र नगर) मरम्मत कार्य के लिए 29.98 लाख रूपए, कलमुच्चे से गुमझीर मार्ग की लंबाई 3 किमी सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य के लिए 351.54 लाख रूपए, कोयलीबेड़ा से पानीडोबीर मार्ग के डुट्टा नदी पर 62.40 मीटर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 269.64 लाख रूपए, अंतागढ़ में दो सोलर लघु नलजल प्रदाय योजनांतर्गत 60.80 लाख रूपए, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पखांजूर में नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए 191.51 लाख रूपए तथा भानुप्रतापपुर के ग्राम लोहत्तर में गोदाम सह कार्यालय निर्माण कार्य लिए 25.56 लाख रूपए का लोकार्पण कार्य शामिल है।

## मामूली बात पर विवाद में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



कांकेर थानांतर्गत लट्टीपारा में मामूली बात को लेकर मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने तीन लागो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे लट्टीपारा कांकेर निवासी 34 वर्षीय संजय ध्रुव पिता देव सिंह घ्रुव ने पुलिस को बताया कि मजदूरी का काम करता हूं। बचपन से मुझे मेरे मामा मंगल राम शोरी द्वारा अपने पास रखे थे। तब से मैं मामा के घर में रह रहा हूं। मामा के दो संतान लड़का कैलाश शोरी एवं लड़की रामकुमारी शोरी है। लड़का कैलाश शोरी जो मेरे साथ रहता है, विवाह नहीं हुआ है। लड़की रामकुमारी पोटाई जिसका विवाह ग्राम मरदापोटी में हुआ है, जिनका लड़का गौरव पोटाई और नमन पोटाई है। गौरव पोटाई हमारे घर लट्टीपारा कांकेर में रहकर पढ़ाई करता है। 9 दिसंबर को शाम 5 बजें कैलाश शोरी के साथ वाद-विवाद हो रहे थे, जिस बात को गौरव पोटाई फोन कर अपनी मां रामकुमारी को बताया। फिर रामकुमारी के आने के बाद गौरव पोटाई, नमन पोटाई तीनों मुझे हमारे पिता के घर में रहता है बोलकर कर गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए एक राय होकर मारपीट किए। मारपीट से मुझे चोट लगा व खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के मुसुरपुट्टा में 11 दिसम्बर और कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आलबेड़ा में 18 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था। शिविरों को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।




## खबर संक्षेप

### मावा मोदोल स्क्रीनिंग टेस्ट परीक्षा परिणाम की सूची जारी

**कांकेर।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल कार्यक्रम के तहत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भानुप्रतापपुर में कराया जाना है, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी का पंजीयन गुगल फार्म के माध्यम से कराया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के 4 सेंटरों में स्क्रीनिंग टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया था, जिसकी परीक्षा परिणाम की सूची जारी की गई है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफएल7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया हैं। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### शासकीय राशि का गबन शिक्षकों का आज धरना

**केशकाल।** विकासखंड की कई शालाओं से प्रधानाध्यापकों की जानकारी के बगैर पीएफएमएस की राशि निकालने के मामले को लेकर बुधवार को शिक्षक धरना प्रदर्शन करेंगे। फर्जी सील और हस्ताक्षर से दर्जनों स्कूलों की लाखों की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। ऑनलाइन पीपीए जेनरेट करने का आईडी और पासवर्ड संस्था में और बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध होता है। संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों की शिकायत के अनुसार उन्होंने पीपीए जारी नहीं किया है। विकासखंड के अमित मंडावी ने जानकारी देते हुए बताया कि निष्पक्षता से जांच कर दोषियो के विरूध्द उचित कार्रवाई को लेकर आज संगठन ने दोपहर 1 बजे से डिपो मैदान मे विशाल धरना का आयोजन किया है। धरने मे विकासखंड जिला स्तर संभागीय व प्रान्तीय अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**आयोजन:** कांग्रेस का धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान

# धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

## कांग्रेसियों का आरोप, सरकार की नीतियों के कारण किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या निराकरण के लिए कांग्रेसियों ने 10 दिसबंर को जिले के सातों विकासखण्डों में एक दिवसीय धरना प्रर्दशन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है। लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रों चलो अभियान चलाया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गए, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देख एक दिवसीय धरना प्रर्दशन किया।

धान खरीदी केन्द्रो पर किसान बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए, 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुए है, जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जाएगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिए किसानों को बुलाया जा रहा है एवं 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है, धान के बोरे जाम है, जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है, बड़े किसान






अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है, सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है, जो समर्थन मूल्य है उतना भाजपा ने 3100 रूपए एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रूपए में करें क्योंकि 3100 रूपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था, इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 3217 रूपए किया जाए, कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा, सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जाएगा।

सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिए, इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेवर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया।

### विकासखण्डों में हुआ धरना प्रर्दशन



विकासखण्ड कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, कोयलीबेड़ा, दुर्गुकोंदल, अंतागढ, नरहरपुर में कांग्रेसीयों ने प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही किसानों की धान खरीदी केंद्रो में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को हो रहे परेशानियां से निजात दिलाने की माँग करते स्थानीय सक्षम अधिकारी नायब तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेसीयों ने एक दिवसीय धरना प्रर्दशन कर किसानों की परेशानियों के निराकरण तथा किसानों का पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने कहा हैं।



# एबीवीपी ने की पीजी कॉलेज की कार्यकारिणी घोषित, रिसिक बनाए गए अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कार्यकारिणी घोषित किया गया। जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि एबीवीपी मांगों के आधार पर बना संगठन नहीं है। एबीवीपी विचारधारा के आधार पर बना छात्र संगठन है और उस विचारधारा का वाहक है कार्यकर्ता। कार्यकारिणी में रिसिक तिवारी को अध्यक्ष एवं हर्ष सिन्हा को मंत्री का दायित्व सौपा गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पीजी कॉलेज की कार्यकारिणी घोषित कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि एबीपीवी का कार्यकर्ता वर्ष भर प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसर में राष्ट्र के पुनर्निर्माण के पवित्र लक्ष्य के लिए कार्य करता है। एबीवीपी में कोई पद नहीं होता है व कार्य विभाजन के लिए दायित्व सौंपा जाता है। पद और दायित्व में प्रमुख अंतर ये है कि पद भोग के लिए होता है, परन्तु दायित्व के साथ ही कर्तव्यबोध होता है। देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे इस ध्येय के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते है और राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करते हैं। पीजी कॉलेज की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में नन्दनी रजक, हिमांशु निषाद, कमलेश जुर्री, सूरज कुमार नेताम तथा सहमंत्री के रूप में ज्योति यादव, देवराज नेताम, लीशा पीढ्डा, दुर्गेश मरकाम जो मनोनीत किया गया।

# अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षार्थियों को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला प्रशासन के द्वारा जिले के युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतियोगी शारीरिक दक्षता परीक्षा भर्तियों अग्निवीर पुलिस बल फारेस्ट गार्ड, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएससी की भर्तियों के पूर्व प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों को शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे एवं शाम 5 से 7 बजे तक निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक प्रशिक्षण में लगभग 250 युवक-युवतियों प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। कलेक्टर नीलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रशिक्षार्थियों को रायगढ़ के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुमकमनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी सहित भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु भ्रमण से लौटे प्रतिभागियों के लिए डीब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित



**कांकेर।** 16वां आदिवासी युवा आदन प्रदान बेंगलुरु भ्रमण कार्यक्रम से 70 बच्चे वापिस विकासखण्ड कांकेर लौटे। कांकेर में माय भारत एनवायकेएस के जिला युवा अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों के लिए डीब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भ्रमण से लौटे प्रतिभागियों से बेंगलुरु में होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा बताया कि अलग-अलग विषयों व्याख्याता द्वारा सामाजिक आर्थिक, सामाजिक आर, विविध योजनाओं व शिक्षा स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी गई और साथ ही संध्या कालीन के समय प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजित किया जाता था। प्रश्नोत्तरी भाषण प्रतियोगिता का व्यंजन किया गया एवं दार्शनिक स्थलों में भ्रमण भी करवाया गया। जिला युवा अधिकारी अभिषेक सिह आनंद द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की समापन की और घर की ओर प्रस्थान के लिए रवाना किया गया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का 14 से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

चारामा में सनातन सेवा समिति द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 14 से 20 दिसंबर सात दिनो तक चलेगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिष्ठित कथा वाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडेय अपने ज्ञानवर्धक प्रवचनों से धर्मप्रेमी जनता को जीवन के गूढ़ रहस्यों और श्रीमद्भागवत के संदेशों से परिचित कराएंगे। कार्यक्रम डीजे बाजार मेन रोड चारामा में होगा। आयोजकों और स्थानीय युवाओं ने घर-घर जाकर नगरवासियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। हर घर में एक आमंत्रण पत्र और अंगवस्त्र प्रदान कर श्रद्धालुओं से कथा में उपस्थित होने की अपील की जा रही है।

### दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डबरी में गिरने और आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के दो प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील आमाबेड़ा अंतर्गत ग्राम आलानार निवासी 5 वर्षीय सुरेश गावड़े की गड्ढा में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता सन्नू राम तथा मनसी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपएं तथा गेड़गांव निवासी 19 वर्षीय सुभाष कोमरा की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित जैनीबाई को चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# पीएमश्री प्राथमिक शाला बालक प्राशा में न्योता भोजन कराकर मनाया गया जन्मदिन



**सरोना।** पीएम श्री बालक प्राथमिक शाला सरोना में कक्षा दूसरी की छात्रा मधुविद्या मानिकपुरी के जन्मदिन के अवसर पर उनके माता जामुन बाई मानिकपुरी द्वारा एक विशेष न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए एक खुशी का पल था, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। ऐसा आयोजन स्कूल में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिकता और सहयोग की भावना बढ़ावा देता है। आयोजित कार्यक्रम में प्रधान पाठक धनेश नेताम, मनीषा साहू, लता वैष्णव, विद्यालय के रसोईया और अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# समाज शहीद वीरनारायण से ले प्रेरणा



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर स्वंतत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि देने सभा का आयोजन किया गया। समाज को उनके बलिदान से प्रेरणा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। सहायक प्राध्यापक प्रियंका गवर्ना ने वीर नारायण सिंह के जीवन और उनकी वीरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होनें 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान छत्तीसगढ़ में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया। उनकी देशभक्ति ने उन्हें छत्तीसगढ़ का शेर का गौरव प्रदान किया। उनके संघर्ष ने न केवल देशवासियों को प्रेरित किया बल्कि आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रध्यापक प्रियंका जायसवाल, व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव, विनय कुमार प्रधान, चित्रसेन राय, दिनेश वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

**धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानियों पर कांग्रेस का धरना**

# किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में मंगलवार को कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि धान खरीदी में किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धान का समर्थन मूल्य 3217 प्रति क्विंटल देने की मांग की और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

- समर्थन मूल्य 3217 प्रति क्विंटल देने की कांग्रेस नेताओं ने की मांग

धरनास्थल पर मौजूद नेताओं ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी, जगह की किल्लत, टोकन व्यवस्था में गड़बड़ी और धान के रकबे में कटौती से किसान परेशान हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रत्येक तीन पंचायतों में धान खरीदी केंद्र खोलने और 3100 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य देने का वादा किया था, लेकिन ये वादे अब जुमले बनकर रह गए हैं।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब धान के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत दी जाती थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, ऐसे में राज्य सरकार को किसानों को 3217 प्रति क्विंटल का भुगतान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।




### युवा कांग्रेस ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

युवा कांग्रेस ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए माकड़ी तहसील कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने धान खरीदी में हो रही समस्याओं, नशे के बढ़ते कारोबार, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दिए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगें उठाईं।

### धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने निभाई भागीदारी

धरना प्रदर्शन और घेराव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव बिरस साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर मंडावी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोती बाई नेताम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीतांबर नाग समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय लोग शामिल हुए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि किसानों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए वे हरसंभव कदम उठाने को तैयार हैं।

## पेज 9 के शेष

### मुख्यमंत्री देंगे 2...

29.20 लाख रूपए, धनेलीकन्हार के लिए 29.20 लाख रूपए और ग्राम पंचायत बेवरती के लिए 29.20 लाख रूपए का भूमिपूजन कार्य शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत भुरका नाला आरडी 2300 मीटर पर स्थित लंबाई 52 मीटर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 223.63 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय बांदे में भवन निर्माण कार्य के लिए 71.12 लाख रूपए और दुर्गूकोंदल में 272.81 लाख रूपए की लागत से शासकीय महाविद्यालय भवन में छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय राजमार्ग 6 में जाड़ेकुर्से मार्ग के आरडी 3800 मीटर में स्थित मार्ग में नाला निर्माण कार्य के लिए 199.39 लाख रूपए, बोकराटोला से संतराई मार्ग सड़क निर्माण कार्य के लिए 149.88 लाख रूपए, संगम स्वरूप पी.व्ही. 62 मार्ग की आर.डी. 3500 मीटर पर स्थित संगम नदी पर वृहद पुल निर्माण कार्य के लिए 199.98 लाख रूपए, चिलपरस से आलपरस मार्ग की आरडी 850 मीटर में स्थित नदी पर वृहद पुल निर्माण कार्य के लिए 199.70 लाख रूपए, पानीडोबीर से मटियापारा (मर्राम) मार्ग की आरडी 4000 मीटर में स्पॉन पुलिया निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रूपए, ग्राम केसेकोड़ी से डुट्टा नदी लंबाई 3 किमी. पर सड़क निर्माण कार्य के लिए 188.32 लाख रूपए और पाण्डरगांव से कोसरोण्डा 3 किमी सीमेंट कांक्रीट निर्माण कार्य के लिए 353.39 लाख रूपए का भूमिपूजन शामिल है। इसी तरह तुमापाल से कोसरोण्डा 4 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 787.12 लाख रूपए, गुंदुल से मर्राम एवं आलपरस से आलपर, पानीडोबीर से गुंदुल सड़क निर्माण कार्य के लिए 596.61 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ों नाला पर आरडी 11900 मीटर पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 188.14 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ो नाला पर आरडी 15500 मीटर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 287.39 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ो से कोटुकुरसई नाला आरडी 8200 मीटर पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए 229.88 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय आमाबेड़ा में भवन निर्माण कार्य के लिए 71.12 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय कोयलीबेड़ा में भवन निर्माण कार्य के लिए 71.12 लाख रूपए, अंतागढ़ में अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय का भवन निर्माण कार्य के लिए 127.62 लाख रूपए, अंतागढ़ में शहरी राज्यमार्ग 5 में कुल 2 किमी. सड़क मजबूतीकरण कार्य के लिए 488 लाख रूपए, जिला नारायणपुर-अंतागढ़ स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण लंबाई 50 किमी. के लिए 13677 लाख रूपए, दुर्गूकोंदल अंतर्गत बरहेली में औषधालय भवन निर्माण कार्य के लिए 16.36 लाख रूपए और तरहूल में औषधालय भवन निर्माण कार्य के लिए 16.36 लाख रूपए, महतारी सदन निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण अंतर्गत ग्राम टेमरूपानी में 29.20 लाख रूपए, ग्राम बोन्दानार में 29.20 लाख रूपए, आमाबेड़ा के लिए 29.20 लाख रूपए तथा कोयलीबेड़ा के लिए 29.20 लाख रूपए का भूमिपूजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा अंतर्गत परलकोट मध्यम जलाशय के पीव्ही 56 माईनर नहर लाईनिंग मरम्मत कार्य हेतु 294.17 लाख रूपए, लघु जलाशय पीव्ही 76-78 की नहरों का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 297.79 लाख रूपए, अनुविभागीय कार्यालय अंतागढ़ का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 66.82 लाख रूपए, सिविल अस्पताल पखांजूर में हमर लैब का निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए और ब्लड बैंक का निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रूपए का विकास कार्य शामिल है। इसके अलावा नगर पंचायत पखांजूर में स्वीकृत विभिन्न 36 निर्माण कार्य के लिए 142.86 लाख रूपए, अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपए, विभिन्न 23 निर्माण कार्य के लिए 119.36 लाख रूपए और इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय भवन पखांजूर एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन निर्माण के लिए 1491.63 लाख रूपए का भूमिपूजन कार्य मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

खबर संक्षेप



## पीजी महाविद्यालय से निकाली साइकिल रैली

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य के मार्गदर्शन में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने तथा मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय से साइकिल रैली निकाली गई। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. व्हीके रामटेके द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को अनुमति दी गई। रैली महाविद्यालय के प्रांगण से होते हुए घड़ी चौक, अलबेलापारा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. सिकंदर कुजूर, डॉ. नेलसन खेस, डॉ. हेमलता साहू, डॉ. अनुपमा पटेल, प्रो. नमिता कुजूर, डॉ. पूनम साहू, डॉ. रामचंद साहू, जोगेन्द्र, राकेश कुमार थवाईत, लुब्धेश्वरी, शहाना शेख एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## ओपन स्कूल परीक्षा के लिए फार्म लेंगे 15 जनवरी तक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा दसवीं-बारहवीं परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ 15 जनवरी तक फार्म भरे जाएंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी तक आवेदन स्वीकार किए जाएगा।

## नवनियुक्त अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



**दुर्गुकोंदल।** आदिमजाति सेवा सहकारी समिति कोड़ेकुर्से में नवनियुक्त अध्यक्ष जवाहर सिंह ठाकुर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा दुर्गुकोंदल प्रबंधक शाहीन खान, लेम्प्स प्रबंधक संतु पाण्डे के समक्ष 9 दिसंबर को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान संघ के अध्यक्ष तुका पटेल, संतोष जैन, सरपंच नामदेव मरकाम, रामलाल जैन, सरपंच रामप्रसाद पूंगाटी, मुन्ना पटेल, अशोक भास्कर, धनेश पिद्दा, हलाल राम सलाम, शत्रुघन जैन, सगनु कोमरा, अशोक रावटे, सखाराम हिड़को, रघुनंदन गिरी, मंगू राम, मनीराम पूंगाटी, भँवरसिंह रावटे एवं क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की ट्यूशन को लेकर पालकों में भारी उत्साह

## शिक्षा के प्रति सर्व आदिवासी समाज गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

अंचल को हमेशा से ही अतिसंवेदनशील क्षेत्र के नाम से जाना जाता रहा है। आज भी नक्सलियों का खौफ नजर आता है। पूरा क्षेत्र आदिवासी इलाका होने के साथ साथ प्रकृति के देन जंगल, पहाड़ी क्षेत्र भी है, जिसके कारण अंतागढ़ क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़ा माना जाता रहा है। लेकिन अब माहौल बदल गया है। आज शिक्षा को लेकर लोग जागरूक हो रहे है, जिसका मिसाल अंतागढ़ ब्लॉक में देखने को मिल रहा है। अंतागढ़ में शानदार सामाजिक पहल शिक्षा को लेकर हुआ है। जो कई मायनो में महत्वपूर्ण है और महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि सर्व आदिवासी समाज अंतागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारियों ने शिक्षा को लेकर मिसाल पेश करते हुए एक शानदार शुरुआत किया। अंतागढ़ क्षेत्र के कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत बच्चों को नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं कि तैयारी अंतागढ़ के गोंडवाना भवन में करा रहे है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। इस पहल का अच्छा प्रभाव देखने को मिला है और क्षेत्र के पालको में भी भारी उत्साह है। पालक अपने बच्चों को रोज दूर-दूर से लाने ले जाने का काम कर रहे है। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष संतराम सलाम, उपाध्यक्ष हिरालाल मांझी और गोंडवाना समाज के अध्यक्ष संतलाल दुग्गा ने सयुंक्त रूप से बताया कि यह एक सामाजिक पहल है, जो क्षेत्र के हर वर्ग के बच्चों कुछ बच्चें तो विशेष रूप से नक्सल पीड़ति परिवार से है, जो नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए फॉर्म भरे है व अन्य चयन परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।



### बच्चों को दी पेन, कॉपी और पुस्तकें

वहीं बच्चों को समाज के तरफ से पेन कॉपी सहित पुस्तकें व परीक्षा के अनुरूप सारी व्यवस्था समाज के तरफ से उपलब्ध कराई जा रही है। संतराम सलाम ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतिदिन लगभग सत्तर से अस्सी बच्चों की उपस्थिति रहती है, जिसमें बच्चों के पालक अपने बच्चों को हर दिन गोंड़वाना भवन में लेकर आते है। दूर दूर से पालक अपने बच्चों को बड़े उत्साह के साथ लेकर आते है। पालकों से बात करने पर पता चला की इस सामाजिक पहल से पालक काफी खुश नजर आए। उनका कहना था की ऐसा काम गांव में कभी नहीं हुआ है। आज समाज के पहल से आदिवासी क्षेत्र के विशेष रूप से गरीब प्रतिभावान बच्चों को इसका जरूर फायदा मिलेगा। समाज के तरफ से पूरी निःशुल्क पढ़ाई करवाई जा रही है। बच्चे भी समाज के पहल और पढ़ाई को लेकर बेहद उत्साहित है।

## सड़क दुर्घटना : राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में हुआ हादसा

# मोटर साइकल- बोलेरो के बीच जबरदस्त भिड़त, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मरकाटोला के सीआरपीएफ कैंप के पास हुई भीषण सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही बोलेरो में सवार लोगों को भी चोट आई है। घायलों को तुरंत संजीवनी 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि किया। राजाराव पठार में हर साल तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन किया जाता है। मेला देखने के लिए कांकेर, धमतरी व बालोद जिला के अलावा दूर-दूर से लोग पहुंचते है। राजाराव पठार का मेला देखने के लिए ग्राम धनोरा निवासी 23 वर्षीय देवराज कोड़ोपी पिता छेदीलाल और 24 वर्षीय टिकेश्वर मंडावी पिता खिलेश मंडावी बाइक में सवार होकर राजाराव पठार पहुंचे। मेला देखने के बाद वापस घर जा रहे थे। तभी मरकाटोला सीआरपीएफ कैंप के पास बाइक सवार दोनो युवको की बोलेरो वाहन से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया व बोलेरो को भी काफी नुकसान हुआ है। भीषण सड़क हादसे में दोनों युवक को गंभीर चोटे आई थी। आसपास मौजूद लोगों ने संजीवनी 108 को जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही संजीवनी 108 मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत चारामा अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने घायलों का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टी किया। वही बोलेरो में सवार 5 लोगों को भी चोट आने जानकारी मिली है। अन्य घायलों का ईलाज जारी है।

### मौके पर ही तोड़ा दम

वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस ने अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी और मौके से फरार हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत संजीवनी 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों युवकों को चारामा अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### पठार मेला जाते समय हादसा

वही पठार मेला जाते समय बड़े हादसा में दो बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई। मरकाटोला कैंप के पास 9 दिसंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 3556 में सवार होकर पठार मेला देखने जा रहे थे। इस दौरान धमतरी से चारामा की ओर तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक आ रही एक वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

## शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए लगाएं जाएंगे विशेष शिविर

**आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुए हिग्राहियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर एवं एमसीएच अलबेलापारा कांकेर में 11 से 14 दिसम्बर तक, सांस्कृतिक भवन भंडारीपारा वार्ड कांकेर एवं आंगनबाड़ी भवन लट्टीपारा वार्ड में 11 से 12 दिसम्बर तक, सामुदायिक भवन संजयनगर वार्ड कांकेर एवं वाचनालय भवन मांझापारा वार्ड कांकेर में 13 से 14 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाने के लिए आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से उपरोक्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रूपये 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा है।


### दोबारा पंजीयन, केवायसी करवाना आवश्यक

70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, केवायसी करवाना आवश्यक है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव द्वारा जिले के पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड अपने नजदीकी शिविर स्थल में जाकर पंजीयन करवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## दो दिनी डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 20 से

**बनसागर।** ग्राम पंचायत बनसागर में शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर एवं ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बालक-बालिका युवा वर्ग डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता 20 व 21 दिसंबर को रखा गया है। प्रतियोगिता के अवसर पर 22 दिसंबर को रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग सिंगार कोरर पंडरीपानी की प्रस्तुति होगी। प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

## ग्रामीणों को मिला मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण, दिखा उत्साह



**अंतागढ़।** 28 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कुहंचे अंतागढ़ के कमाडेंट अरुण देवगम की उपस्थिति में चार दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में स्थानीय ग्रामीणों में विशेषकर महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। कमांडेंट ने सभी को मधुमक्खी पालन के विभिन्न लाभों से अवगत कराया। सभी प्रतिभागियों में मधुमक्खी पालन के प्रति काफी उत्साह देखा गया। कमाडेंट की जब से 28 वी वाहिनी मे पदस्थापना हुई है तब से लगातार क्षेत्र में लोगों से जुड़कर जनहित के कार्य कर रहे है, जिसका लाभ क्षेत्र के युवाओ को मिल रहा है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया की आने वाले समय में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उनको रोजगार मिलने में आसानी हो।

## नवीन पीएमटी बालक छात्रावास में शहीद वीर नारायण सिंह की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह कि जयंती नवीन पीएमटी बालक छात्रावास में मनाया गया। शहादत दिवस में शहीद वीर नारायण सिंह के बारे में सभी को अवगत कराया गया। उनके बारे में बताया गया एवं उनकी पूजा की गई। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह आदिवासी बिंझवार समुदाय से हैं और उनकी पूरी जीवनी वीर उद्यान सोनाखान में वर्णित है। शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सभी को अवगत कराते हुए कहा कि सोनाखान में जन्मे शहीद वीर नारायण सिंह का जन्म 1795 में रामसाय के घर हुआ था। उस समय अकाल होने के कारण किसान परिवार में भूखमरी से मर रहे थे एवं खाने के लिए अनाज नहीं था। उन्होंने कसडोल स्थान पर अंग्रेजों से सहायता प्राप्त साहूकार माखनलाल के गोदाम में से अवैध और जोर जबरदस्ती से एकत्रित किया हुआ अनाज लूट लिया और भुखमरी से पीड़ित गरीब जनता को बांट दिया। जिसके कारण उनको लुटेरा बुनियादी आरोप लगाकर पकड़ने के लिए देवी के जमींदार जो नारायण सिंह के बहनोई थे, उनके सहयोग से चल पूर्वक देशद्रोही लुटेरा का बुनियाद आरोप लगाकर उन्हें बंदी बना लिया। शहीद वीर नारायण सिंह को 10 दिसंबर 1857 को उन्हें रायपुर के जय स्तंभ चौक पर फांसी दे दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके, अध्यक्ष अरुण वट्टी, उपाध्यक्ष हरीश गोयल, सचिव गमेश उयके, सह सचिव समीर नरेटी एवं समस्त सीनियरस गढ़ लक्ष्मण दीपक, रमेश नेताम, संजू नेताम, अखलेश कुंजाम, लिकेश मरकाम, रोशन नेताम, लिकेश जुर्री, लीलाधर मंडावी, राजकुमार नेताम, लीलाधर कोरेटी, रवि कुमार मरकाम, शैलेन्द्र वट्टी, बजनाथ सलाम एवं छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

# कृषि महाविद्यालय के छात्रों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट कांकेर में अध्ययनरत बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत एग्रो इंडस्ट्रियल भ्रमण कराया गया। छात्रों के शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय एवं उद्योग की भी जानकारी दी गई।

लखनपुरी औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योग का भ्रमण कराया गया, जहां मेसर्स टीएडी इंडस्ट्रीज में पोहा एवं लाइ बनाने के इकाई की जानकारी छात्रो को दिया गया। संचालक अनिल ध्रुव द्वारा बताया कि पोहा बनाने के लिए महामाया वैरायटी का प्रयोग किया जाता है। इसमें क्लीनिंग सेपरेटिंग डबल प्रेसिंग आदि प्रक्रियाओं से पोहा बनता है। मांग के अनुरूप इसकी मोटाई को नियंत्रित किया जाता है तथा टी एग्री नाम से व्यवसाय किया जा रहा है। धान को भीगाने के समय तथा रोस्टर के तापमान नियंत्रण का खास ध्यान रखना पड़ता है। इसके पश्चात मेश्राम एग्रो फूड इंडस्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। जहां गेहूं आटा बनाने के उद्योग की जानकारी दी गई। संचालक मेहुल मेश्राम ने बताया कि अच्छे वेराइटी के गेहूं का चयन तथा उसके विशेष गुणों के बारे में बताया गया। गेहूं को साफ करने के लिए विभिन्न चरणों जैसे क्लीनिंग सेपरेटिंग जिसके द्वारा कच्चे माल में उपस्थित भूसा, मिट्टी तथा अन्य अवांछनीय पदार्थ को अलग किया जाता है। फिर पत्थर आधारित चक्की के नियंत्रित रूप से गेहूं की पिसाई की जाती है, जिसे आटा की मोटाई एवं चोकर की मात्रा बाजार मांग के अनुरूप रखा जा सके। साथ ही पशु आहर उद्योग की भी जानकारी दी गई, जिसमें लगने वाले कच्चे माल के आवश्यक सामग्री जैसे मक्का, चना, सोयाबीन, खली इत्यादि का उपयोग किया जाता है तथा उनकी निश्चित मात्रा के साथ पशु आहार तैयार किया जाता है जिसकी सप्लाई डेयरी उद्योग में की जाती है।

### बाजार मांग के अनुरोध पर भी निर्माण

कनिष्क इंडस्ट्रीज एचडीपीई पाइप सप्रिंकलर पाइप एवं प्लास्टिक एसेसरीज निर्माण उद्योग के भ्रमण के दौरान संचालक विकास नागपाल द्वारा आवश्यक कच्ची प्लास्टिक सामग्री की गुणवत्ता तथा सभी मशीनरी के प्रोसेस की जानकारी दिया। विभिन्न गोलाई के लिए उपयोग होने वाले ड्राई तथा ठंडा करने के लिए स्प्रेयर टैंक लाइन मार्किंग मोल्डिंग तांबा तार आदि की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि बाजार मांग के अनुरोध विभिन्न दबाव के लिए अलग मोटाई का पाइप का निर्माण किया जाता है। उनके इंडस्ट्री के ही स्थित पाइप गुणवत्ता प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया गया जिसमें शियर स्ट्रैंथ से पास होने की पश्चात ही सप्लाई किया जाता है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम कोचवाही निवासी 26 वर्षीय रामसाय कोरेटी का इलाज के दौरान 9 दिसंबर को सुबह साढ़े 8 बजे जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल की ओर से अस्पताली मेमो थाना कांकेर में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels – One Way Taxi Pvt Ltd –
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


सुशासन
1 का साल...
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
एवं अन्य समस्त अतिथियों का
पखांजूर में शत्-शत् अभिनंदन...
मा. श्री अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
कार्यक्रम
विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक - 11.12.2024, समय-दोपहर 01 बजे से
स्थान : नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम, पखांजूर जिला उ.ब. कांकेर
मुख्य अतिथि
मान. श्री विष्णुदेव साय जी - मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विशिष्ट अतिथि
मान. श्री भोजराज नाग जी - सांसद, लोकसभा क्षेत्र, कांकेर
मान. श्री विक्रम उसेण्डी जी - विधायक, विधानसभा क्षेत्र, अंतागढ़
मान. श्री आशाराम नेताम जी - विधायक, विधानसभा क्षेत्र, कांकेर
मान. श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी जी - विधायक, विधानसभा क्षेत्र, भानुप्रतापपुर
मान. श्री हेमंत ध्रुव जी - अध्यक्ष, जिला पंचायत कांकेर
मान. श्रीमती मोनिका साहा जी - अध्यक्ष, नगर पंचायत पखांजूर
मान. श्रीमती देवली नूरूटी जी - अध्यक्ष, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा
एवं समस्त मान. अध्यक्ष / उपाध्यक्ष / सदस्य जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय
मा. श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीत : परलकोट के समस्त नागरिकगण, जिला कांकेर